भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 598
दिनांक 23.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

विकास संबंधी साझेदारी परियोजनाएं

598. श्री मस्तान राव यादव बीडाः
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़ेः
श्री बाबू राम निषादः
श्री रामराव सखाराम वाडकुटेः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान अनुदान और ऋण के माध्यम से अनुमोदित की गई विकास संबंधी साझेदारी परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनका मूल्य क्या है;
(ख) इन परियोजनाओं में शामिल किए गए क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;
(ग) विदेश में चल रही विकास परियोजनाओं की निगरानी और उनके परिणामों का डिजिटल रूप से आकलन आरम्भ करने में क्या प्रगति हुई है; और
(घ) वर्ष 2026-27 के दौरान भारत के विकास सहयोग कार्यक्रम के लिए प्रस्तावित मुख्य क्षेत्र कौन-कौन से हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ख): पिछले एक वर्ष के दौरान, सहभागी देशों के लिए लगभग 17,550 करोड़ रुपए की छह ऋण सहायताएँ अनुमोदित की गई हैं। ये ऋण सहायताएँ अवसंरचना, कनेक्टिविटी, सामाजिक आवास और आवागमन, स्वास्थ्य, कृषि और आवश्यक वस्तुओं की खरीद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए प्रदान की गई हैं।

पिछले एक वर्ष के दौरान, इन अनुदानों के तहत शिक्षा, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में लगभग 4,500 करोड़ रुपए की लगभग 60 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, अनुदान के तहत कई त्वरित प्रभाव परियोजनाओं और उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं के साथ-साथ बहुपक्षीय/बहुआयामी संरचना के तहत परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

(ग) विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उपयुक्त निगरानी और समीक्षा तंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, ऋण सहायता परियोजनाओं के प्रबंधन और निगरानी के लिए 2022 से न्यू ई-ट्रैकिंग एंड रिमोट एडमिनिस्ट्रेशन (नेत्रा) पोर्टल स्थापित किया गया है। इसके अलावा, एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया समय-समय पर पूरी की गई ऋण सहायता परियोजनाओं का प्रभाव आकलन करता है।

(घ) विकास सहयोग का भारतीय मॉडल मांग-संचालित है तथा भागीदार देशों की जरूरतों और आकांक्षाओं पर आधारित है।

* * * * *